भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं2272 .**

जिसका उत्तर सोमवार9 दिनांक , दिसंबर ,2024/18 अग्रहायण 1946(शकको दिया जाना है (

**जीएसटी लक्ष्य**

**2272. श्री राजेश रंजन:**
**डॉअमर सिंह .:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

वार कुल-वार और राज्य-माल और सेवा कर अधिनियम के लागू होने से लेकर अब तक सरकार द्वारा वर्ष (क) कितना माल और सेवा कर एकत्र किया गया है;
माल और सेवा कर अधिनियम के लागू होने से लेकर अब तक एकत्र किए गए माल और सेवा कर में से केन्द्र सरकार द्वारा (ख) वार और-वर्ष राज्यअपने पास रखा गया है (जीएसटी) वार कुल कितना माल और सेवा कर-;
वार -वार और राज्य-माल और सेवा कर अधिनियम के लागू होने से लेकर अब तक एकत्र किए गए जीएसटी से राज्यों को वर्ष (ग) कुल कितना जीएसटी प्रदान किया गया है; और
सरकार द्वारा माल और सेवा कर राजस्व व (घ)ृद्धि में कमीको दूर ,जो केन्द्रीय बजट में उल्लिखित अनुमानों से कम हो गई है , करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) और (ख): वित्त वर्ष 2017-18 (जुलाई 17 से मार्च 18) से वित्त वर्ष 2024-25 (नवंबर, 2024 तक) तक संघ और राज्यों द्वारा एकत्रित सकल जीएसटी (सीजीएसटी + एसजीएसटी + आईजीएसटी + उपकर) का ब्यौरा अनुलग्नक '**क**' के अनुसार दिया गया है।

जीएसटी संग्रहण में सीजीएसटी, एसजीएसटी या आईजीएसटी शामिल है जो माल या सेवाओं की अंतर-राज्यीय (इंटरा-स्टेट) या अंतर-राज्यीय (इंटर-स्टेट) आपूर्ति पर निर्भर करता है। एकत्र किए गए सीजीएसटी को भारत के समेकित कोष (सीएफआई) में जमा किया जाता है, जबकि एकत्र किए गए एसजीएसटी को सीधे संबंधित राज्यों के समेकित कोष में जमा किया जाता है। जहां तक आयात सहित माल या सेवाओं की अंतर-राज्यीय आपूर्ति का संबंध है, केंद्र द्वारा आईजीएसटी लगाया और एकत्र किया जा रहा है। इस प्रकार माल और सेवा कर निधि समझौता नियम, 2017 के तहत एकत्र किए गए आईजीएसटी को संघ और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के बीच मासिक आधार पर उपभोग के स्थान और क्रॉस उपयोग के आधार पर विभाजित/निपटान किया जाता है। अविभाजित आईजीएसटी की राशि के आधार पर, समय-समय पर अनंतिम/अग्रिम निपटान किया जाता है। उपकर संग्रहण केंद्र द्वारा किया जाता है तथा इसे क्षतिपूर्ति के रूप में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी कर दिया जाता है।

वित्त वर्ष 2017-18 (जुलाई 17 से मार्च 18) से वित्त वर्ष 2024-25 (नवंबर, 2024 तक) तक केंद्र सरकार द्वारा प्रतिधारित निवल जीएसटी (सीजीएसटी + आईजीएसटी (राज्यों को दिए जाने के बाद केंद्र के पास शेष) अनुलग्नक '**ख**' के अनुसार दिया गया है।

(ग): वित्त वर्ष 2017-18 (जुलाई 17 से मार्च 18) से वित्त वर्ष 2024-25 (नवंबर, 2024 तक) तक जीएसटी में राज्यों का हिस्सा (राज्यों को सकल एसजीएसटी + आईजीएसटी निपटान जिसमें तदर्थ निपटान शामिल है + एक के बाद एक ऋण सहित राज्यों को दी गई क्षतिपूर्ति) अनुलग्नक '**ग**' के अनुसार दिया गया है।

(घ): सरकार ने जीएसटी परिषद की सिफारिशों पर जीएसटी में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें अन्य बातों के साथ-साथ कर अनुपालन में सुधार के लिए उपाय जैसे ई-वे बिल, आईटीसी मिलान, बी2सी आपूर्तिकर्ताओं के लिए ई-इनवॉयस को अनिवार्य बनाना, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन-आधारित एनालिटिक्स की तैनाती, पंजीकरण के लिए आधार प्रमाणीकरण, गैर-फाइलरों और स्टॉफ फाइलरों पर कैलिब्रेटेड कार्रवाई, जोखिम भरे करदाताओं पर लक्षित मूल्यांकन-आधारित कार्रवाई आदि शामिल हैं।

*****

अनुलग्नक-क

**वित्त वर्ष 2017-18 (जुलाई 17 से मार्च 18) से वित्त वर्ष 2024-25 (नवंबर, 2024 तक) तक सकल जीएसटी संग्रहण**

(करोड़ रुपए में)

| राज्य कोड | राज्य | 2017-18 (17 जुलाई से 18 मार्च) | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 (नवंबर, 2024 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जम्मू और कश्मीर | 2,320 | 3,792 | 4,010 | 3,648 | 4,692 | 5,246 | 6,704 | 4,861 |
| 2 | हिमाचल प्रदेश | 5,309 | 7,593 | 7,960 | 7,055 | 8,023 | 8,778 | 9,956 | 7,021 |
| 3 | पंजाब | 9,649 | 13,979 | 15,235 | 13,913 | 18,406 | 20,949 | 24,061 | 17,769 |
| 4 | चंडीगढ़ | 1,170 | 1,779 | 1,988 | 1,651 | 1,979 | 2,365 | 2,771 | 1,944 |
| 5 | उत्तराखंड | 10,967 | 15,150 | 14,722 | 12,339 | 13,680 | 16,845 | 19,231 | 14,070 |
| 6 | हरियाणा | 36,815 | 55,233 | 59,560 | 54,890 | 68,142 | 86,668 | 1,02,914 | 78,102 |
| 7 | दिल्ली | 26,445 | 39,845 | 44,161 | 36,568 | 46,253 | 55,843 | 66,445 | 52,980 |
| 8 | राजस्थान | 18,463 | 30,722 | 32,821 | 31,797 | 38,480 | 45,458 | 50,174 | 35,436 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | 36,891 | 61,337 | 65,281 | 59,721 | 73,865 | 87,970 | 1,01,693 | 75,468 |
| 10 | बिहार | 5,531 | 10,755 | 12,640 | 11,638 | 13,534 | 16,548 | 18,021 | 12,760 |
| 11 | सिक्किम | 1,186 | 1,917 | 2,248 | 2,266 | 2,811 | 3,156 | 3,707 | 2,696 |
| 12 | अरुणाचल प्रदेश | 120 | 398 | 581 | 651 | 710 | 1,023 | 1,308 | 765 |
| 13 | नगालैंड | 104 | 227 | 317 | 389 | 420 | 566 | 711 | 426 |
| 14 | मणिपुर | 122 | 309 | 435 | 392 | 551 | 615 | 670 | 490 |
| 15 | मिजोरम | 67 | 213 | 296 | 257 | 316 | 419 | 500 | 361 |
| 16 | त्रिपुरा | 305 | 556 | 680 | 732 | 777 | 884 | 1,053 | 747 |
| 17 | मेघालय | 648 | 1,368 | 1,522 | 1,337 | 1,764 | 2,076 | 2,260 | 1,344 |
| 18 | असम | 4,969 | 8,989 | 10,423 | 10,030 | 12,007 | 13,710 | 15,602 | 11,417 |
| 19 | पश्चिम बंगाल | 23,333 | 39,780 | 43,386 | 39,694 | 47,898 | 58,060 | 62,613 | 44,246 |
| 20 | झारखंड | 14,162 | 23,916 | 22,847 | 20,482 | 27,854 | 32,019 | 34,738 | 23,905 |
| 21 | ओडिशा | 14,849 | 26,952 | 29,677 | 29,844 | 44,335 | 49,442 | 54,748 | 39,612 |
| 22 | छत्तीसगढ | 13,008 | 22,932 | 24,160 | 24,419 | 29,571 | 31,968 | 34,874 | 24,119 |
| 23 | मध्य प्रदेश | 15,544 | 25,683 | 28,354 | 27,005 | 31,255 | 36,232 | 42,174 | 29,438 |
| 24 | गुजरात | 45,905 | 73,440 | 78,923 | 74,346 | 97,155 | 1,14,221 | 1,25,168 | 90,838 |
| 25 | दमन और दीव | 922 | 1,105 | 1,155 | 305 | 5 | 3 | 3 | 1 |
| 26 | दादरा और नगर हवेली | 1,218 | 1,718 | 1,810 | 2,349 | 3,141 | 3,771 | 4,333 | 2,896 |
| 27 | महाराष्ट्र | 1,05,186 | 1,70,289 | 1,85,917 | 1,65,308 | 2,17,993 | 2,70,346 | 3,20,117 | 2,36,089 |
| 29 | कर्नाटक | 48,138 | 78,763 | 83,408 | 75,660 | 95,926 | 1,22,822 | 1,45,266 | 1,05,070 |
| 30 | गोवा | 2,772 | 4,103 | 4,280 | 3,270 | 4,364 | 5,520 | 6,475 | 4,592 |
| 31 | लक्षद्वीप | 7 | 20 | 20 | 13 | 18 | 21 | 45 | 14 |
| 32 | केरल | 10,857 | 16,343 | 19,234 | 17,349 | 22,264 | 27,371 | 30,677 | 21,822 |
| 33 | तमिलनाडु | 45,318 | 70,562 | 74,430 | 69,121 | 85,492 | 1,04,377 | 1,21,329 | 86,173 |
| 34 | पुदुचेरी | 1,317 | 1,924 | 1,871 | 1,646 | 1,824 | 2,373 | 2,636 | 1,893 |
| 35 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 162 | 297 | 361 | 255 | 332 | 373 | 428 | 287 |
| 36 | तेलंगाना | 21,348 | 36,408 | 39,820 | 36,346 | 45,081 | 51,831 | 59,942 | 41,065 |
| 37 | आंध्र प्रदेश | 14,327 | 25,331 | 27,108 | 26,163 | 32,710 | 40,232 | 44,298 | 30,056 |
| 38 | लद्दाख | - | - | - | 114 | 207 | 333 | 481 | 345 |
| 97 | अन्य क्षेत्र | 556 | 2,484 | 1,753 | 1,337 | 1,590 | 2,609 | 2,615 | 1,645 |
| 99 | केंद्र का अधिकार क्षेत्र | 80 | 580 | 1,003 | 1,541 | 2,121 | 1,941 | 2,507 | 2,054 |
| | **जीएसटी संग्रह (घरेलू)** | **5,40,092** | **8,76,794** | **9,44,397** | **8,65,841** | **10,97,546** | **13,24,984** | **15,23,248** | **11,04,816** |
| | आयात | 2,00,558 | 3,00,575 | 2,77,719 | 2,70,964 | 3,85,746 | 4,82,695 | 4,95,001 | 3,51,893 |
| | **कुल जीएसटी संग्रह** | **7,40,650** | **11,77,369** | **12,22,116** | **11,36,805** | **14,83,292** | **18,07,679** | **20,18,249** | **14,56,709** |

**अनुलग्नक ख**

**<u>वित्त वर्ष 2017-18 (जुलाई 17 से मार्च 18) से वित्त वर्ष 2024-25 (नवंबर, 2024 तक) तक केंद्र सरकार द्वारा प्रतिधारित निवल (सीजीएसटी + आईजीएसटी (सीजीएसटी का निपटान))</u>**

(करोड़ रुपए में)

| वित्तीय वर्ष | कुल |
|---|---:|
| 2017-18 | 3,79,949 |
| 2018-19 | 4,86,478 |
| 2019-20 | 5,03,197 |
| 2020-21 | 4,63,586 |
| 2021-22 | 5,93,346 |
| 2022-23 | 7,23,270 |
| 2023-24 | 8,15,520 |
| 2024-25 (नवंबर, 2024 तक) | 5,11,151 |

* केंद्र और राज्यों द्वारा प्रतिधारित राशि सकल जीएसटी संग्रहण से मेल नहीं होगी क्योंकि केंद्र द्वारा प्रतिधारित राशि में एकत्रित उपकर, जो राज्यों को क्षतिपूर्ति के रूप में दिया जाता है, शामिल नहीं है।

**अनुलग्नक ग**

**राज्यों को दिया गया सकल एसजीएसटी + आईजीएसटी (तदर्थ निपटान सहित) + राज्यों को दी गई क्षतिपूर्ति मुआवजा***

(करोड़ रुपए में)

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2017-18 (17 जुलाई से 18 मार्च) | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 (नवंबर, 2024 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जम्मू और कश्मीर | 3,748 | 6,601 | 7,041 | 9,335 | 11,171 | 7,690 | 8,093 | 5,932 |
| 2 | हिमाचल प्रदेश | 2,372 | 5,472 | 5,510 | 7,130 | 8,570 | 6,836 | 5,672 | 4,229 |
| 3 | पंजाब | 11,938 | 20,703 | 22,104 | 30,717 | 33,403 | 27,291 | 25,777 | 16,507 |
| 4 | चंडीगढ़ | 864 | 1,543 | 1,443 | 1,201 | 1,693 | 2,124 | 2,314 | 1,576 |
| 5 | उत्तराखंड | 3,894 | 6,917 | 7,477 | 9,529 | 10,969 | 9,690 | 8,880 | 6,331 |
| 6 | हरियाणा | 12,044 | 21,863 | 24,936 | 28,940 | 35,390 | 33,528 | 38,406 | 26,246 |
| 7 | दिल्ली | 13,782 | 23,629 | 27,321 | 27,958 | 35,967 | 41,101 | 33,303 | 24,391 |
| 8 | राजस्थान | 14,788 | 25,517 | 26,767 | 31,881 | 39,558 | 39,274 | 40,538 | 28,658 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | 27,579 | 46,940 | 52,961 | 59,805 | 72,789 | 77,343 | 80,719 | 56,687 |
| 10 | बिहार | 9,787 | 17,862 | 19,346 | 24,435 | 28,138 | 23,568 | 28,020 | 18,817 |
| 11 | सिक्किम | 199 | 408 | 482 | 463 | 658 | 839 | 951 | 646 |
| 12 | अरुणाचल प्रदेश | 239 | 600 | 802 | 871 | 1,135 | 1,623 | 1,902 | 1,188 |
| 13 | नगालैंड | 188 | 470 | 613 | 678 | 833 | 964 | 1,057 | 699 |
| 14 | मणिपुर | 326 | 694 | 853 | 889 | 1,129 | 1,439 | 1,095 | 783 |
| 15 | मिजोरम | 170 | 455 | 532 | 554 | 728 | 892 | 963 | 633 |
| 16 | त्रिपुरा | 609 | 1,133 | 1,198 | 1,562 | 1,788 | 1,463 | 1,583 | 1,139 |
| 17 | मेघालय | 500 | 879 | 1,011 | 1,116 | 1,441 | 1,490 | 1,746 | 1,187 |
| 18 | असम | 4,963 | 8,867 | 9,648 | 10,981 | 13,432 | 13,063 | 14,691 | 10,352 |
| 19 | पश्चिम बंगाल | 16,782 | 29,347 | 32,072 | 36,395 | 43,177 | 47,280 | 41,976 | 31,661 |
| 20 | झारखंड | 5,389 | 9,230 | 9,950 | 11,641 | 13,713 | 13,555 | 12,622 | 9,363 |
| 21 | ओडिशा | 8,647 | 15,774 | 17,392 | 22,004 | 26,180 | 21,500 | 24,942 | 17,815 |
| 22 | छत्तीसगढ | 5,869 | 10,479 | 11,009 | 14,386 | 15,765 | 13,856 | 14,482 | 10,271 |
| 23 | मध्य प्रदेश | 12,329 | 22,323 | 23,931 | 28,597 | 32,887 | 32,397 | 36,413 | 23,674 |
| 24 | गुजरात | 25,265 | 42,870 | 46,557 | 53,992 | 69,685 | 65,964 | 74,695 | 48,096 |
| 25 | दमन और दीव | 144 | 270 | 210 | 120 | 91 | 41 | 1 | 1 |
| 26 | दादरा और नगर हवेली | 269 | 440 | 430 | 569 | 1,004 | 1,142 | 1,081 | 844 |
| 27 | महाराष्ट्र | 52,364 | 94,168 | 1,00,478 | 1,06,054 | 1,37,443 | 1,53,250 | 1,57,733 | 1,14,677 |
| 29 | कर्नाटक | 30,551 | 53,645 | 58,162 | 67,858 | 81,279 | 85,867 | 76,378 | 54,922 |
| 30 | गोवा | 1,716 | 3,033 | 3,303 | 3,618 | 4,614 | 5,124 | 4,463 | 3,037 |
| 31 | लक्षद्वीप | 7 | 22 | 28 | 26 | 32 | 47 | 82 | 70 |
| 32 | केरल | 14,064 | 24,003 | 25,659 | 31,764 | 36,581 | 36,434 | 31,611 | 21,859 |
| 33 | तमिलनाडु | 25,539 | 44,918 | 50,291 | 55,293 | 63,708 | 74,409 | 70,408 | 51,430 |
| 34 | पुदुचेरी | 852 | 1,511 | 1,650 | 2,123 | 2,381 | 1,884 | 1,385 | 1,045 |
| 35 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 162 | 356 | 410 | 345 | 408 | 484 | 528 | 378 |
| 36 | तेलंगाना | 13,242 | 24,032 | 26,338 | 29,320 | 37,069 | 42,070 | 41,275 | 29,186 |
| 37 | आंध्र प्रदेश | 11,208 | 20,746 | 22,187 | 25,019 | 30,723 | 33,159 | 31,606 | 22,162 |
| 38 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 179 | 326 | 517 | 653 | 528 |
| 97 | अन्य क्षेत्र | 224 | 320 | 625 | 562 | 356 | 721 | 1,123 | 554 |
| | **कुल** | **2,91,466** | **5,18,765** | **5,20,227** | **4,90,714** | **6,39,714** | **7,70,749** | **8,74,222** | **6,42,064** |

* केंद्र और राज्यों द्वारा प्रतिधारित राशि सकल जीएसटी संग्रहण से मेल नहीं होगी क्योंकि राज्यों द्वारा प्रतिधारित राशि में वर्ष के दौरान एकत्रित उपकर से राज्यों को दी गई क्षतिपूर्ति भी शामिल है।